asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 14 जुलाई 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 270, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर उबला सदन भारी हंगामे के बीच कार्यवाही स्थगित

रायपुर। राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर छत्तीसगढ़ विधानसभा पक्ष और विपक्ष के बीच नोंक-झोक हुई. मुद्दे पर भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कल तक लिए स्थगित कर दी गई. सदन के बाहर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने आज के दिन को छत्तीसगढ़ के इतिहास का काला दिन बताते हुए राम मंदिर चढ़ावा चोरी की जांच सीबीआई से कराने की मांग की.

स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य होने के बाद विपक्ष के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी. दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही फिर से सत्तापक्ष और विपक्ष ने तीखी नोक-जोख होने लगी. सदन में दोनों तरफसे जय श्री राम के नारे लगे. एक तरफजहां कांग्रेस विधायकों ज्याकिट

मारना बंद करोज् नारे लगा रहे थे, तो वहीं दूसरे ओर सत्ता पक्ष के विधायक ज्पाप धोने अगोध्या जाओज् कहकर विपक्ष पर तंज कस रहे थे. स्थिति को देखते हुए स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी. सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि आज छत्तीसगढ विधानसभा में जो हुआ, वह करोड़ों राम भक्त के लिए काला दिन है. हमने राम मंदिर में हुई लूट पर चर्चा की मांग की थी. हम विपक्ष के साथी भक्तों की बात रखना चाहते थे, लेकिन हमें चर्चा की अनुमति नहीं दी गई. हर छत्तीसगढ़िया व्यक्ति का चंदा गया है. 1 रुपये लेकर लाखों रुपये का चंदा दिया गया. हम इस पर जाँच की मांग करते हैं. चंदा चोरी की जांच सीबीआई से होनी चाहिए।

विधानसभा में मुख्यमंत्री साय ने डॉ. तीजन बाई को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पावस सत्र के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पद्म विभूषण से सम्मानित विश्वविख्यात पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। निधन उल्लेख के दौरान मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. तीजन बाई के निधन से छत्तीसगढ़ ने अपनी लोकसंस्कृति का एक अनमोल रत्न खो दिया है। उनके जाने से कला एवं सांस्कृतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. तीजन बाई ने पंडवानी गायन की कापालिक शैली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और अपनी विलक्षण प्रतिभा से लोककला को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। उनकी प्रस्तुतियों में गायन और अभिनय का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता था। पात्रों का सजीव चित्रण, ओजपूर्ण वाणी और प्रभावशाली प्रस्तुति श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डॉ. तीजन बाई का जीवन संघर्ष, साधना और समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। जिस दौर में महिलाओं की पंडवानी गायन में भागीदारी अत्यंत सीमित थी, उस समय उन्होंने सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देते हुए अपनी अलग पहचान बनाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनीं। उन्होंने कहा कि डॉ. तीजन बाई ने एशिया, यूरोप सहित विश्व के अनेक देशों में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। उनके अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2019 में भारत सरकार ने उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से अलंकृत किया।

जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, अपराधियों पर होगी सख्त कार्रवाई : आईजी अजय कुमार यादव

पदभार ग्रहण करते ही ली पुलिस अधीक्षकों की समीक्षा बैठक, बोले जनता की सुरक्षा, विश्वास और विकास होगी सर्वोच्च प्राथमिकता

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। राजनांदगांव रेंज के नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अजय कुमार यादव ने सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद रेंज के पुलिस अधीक्षकों के साथ पहली समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दीं। पदभार संभालने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के अपराध के स्वरूप का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है, ताकि स्थानीय जरूरतों के अनुरूप प्रभावी रणनीति तैयार की जा सके। आईजी यादव ने कहा कि राजनांदगांव रेंज की भौगोलिक स्थिति विशेष महत्व रखती है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमाओं से जुड़े होने के कारण यहां अवैध शराब की तस्करी सहित अंतरराज्यीय अपराधों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीमा क्षेत्रों में पुलिस की सतर्कता बढ़ाते हुए ऐसे नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ-सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जाएगा। यदि किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की इन गतिविधियों में मिलीभगत पाई गई तो उसके विरुद्ध भी कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को लेकर आईजी यादव ने कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ विश्वास और विकास की नीति को आगे बढ़ाया जाएगा। पुनर्वास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास से ही बेहतर पुलिसिंग संभव है तथा रेंज में शांति, कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

पीड़ित किसानों ने न्याय पाने के लिए एसडीएम कार्यालय में दिया धरना

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। खुज्जी और डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के किसानों और डोंगरगांव के एक परिवार के युवकों के खिलाफ चल रहे बहुचर्चित मामले को लेकर स्थानीय एसडीएम कार्यालय परिसर में 11 किसान परिवार के साथ खुज्जी की पूर्व विधायक छली साहू ने धरना प्रदर्शन किया. इस विषय को लेकर किसानों ने बताया कि वे सभी किसान जमीन हड़पने के मामले में विगत 2011 से कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं और अब तक उन्हें सत्तान्वे पेशी में दौड़ाया जा चुका है. वहीं एक सप्ताह पूर्व भी पेशी में बुलाया गया था किन्तु फिर से अगला दिनांक दे दिया गया. सोमवार को भी इनका पेशी थी किन्तु फिर से अगला पेशी मंगलवार 14 जुलाई के लिए दे दिया गया है. उनकी इसी बात को लेकर नाराज किसानों ने पूर्व विधायक को लेकर एसडीएम कार्यालय में धरने में बैठ गये हैं और पूरी रात बिताकर दूसरे दिन पेशी में उपस्थित होने का निर्णय लिया है. किसानों की मानें तो कर्ज के बोझ में दबाकर उनकी जमीनों को अपने नाम रजिस्ट्री कर दिया गया, जिसके बाद अपनी जमीन की वापसी के लिए लगातार कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं और ये सभी किसान अपने जोत कब्जा वाले जमीनों का कागजात नहीं होने से कोई भी किसान न अपनी फसल को बेच रहे हैं और न ही जमीनों को आवश्यकतानुसार उपयोग कर पा रहे हैं. धरने पर बैठे किसानों ने बताया कि ढाई वर्ष से अधिक होने के बावजूद फर्जी रजिस्ट्री के मामले में हम किसानों को अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है. डोंगरगांव के एक परिवार व्दारा किसानों के फर्जी रजिस्ट्री करा ली गई है और यह मामला तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन में भी सही पाया गया है. उक्त दोनों युवकों पर कड़ी कार्यवाही के लिए अनुशंसा की गई है. वहीं यह मामला एसडीएम में आने के बाद उनके व्दारा भी कड़ी कार्यवाही के लिए अनुशंसा पत्र कलेक्टर राजनांदगांव को दिए जाने की बात कही गई है. बावजूद इसके 97 पेशी होने के बाद भी कोर्ट किसी निर्णय पर नहीं पहुंची है. वहीं किसानों ने बताया कि सबसे पहले यह मामला सिविल कोर्ट में गया था, जहाँ से ऋण मुक्ति अधिनियम के तहत संबंधित अनुविभागीय कार्यालय एवं दंडाधिकारी राजस्व को भेज दिया गया था लेकिन अनेक पेशी हो जाने के बावजूद केवल तारीख पे तारीख दी जा रही है, जिससे किसान काफी आहत हैं. धरने पर बैठी पूर्व विधायक छली साहू ने बताया कि इसके साथ ही पिछले पेशी में एक परिवार के दो युवकों के व्दारा पहले तो फर्जी रजिस्ट्री कराया गया और जब किसान अपनी जमीन को वापस लेने न्यायालय की शरण में आये तो उन्हें डराया धमकाया गया और जान से मारने की धमकी दी गई और जातिगत गाली-गलौच किया गया. इस बात को लेकर किसान डोंगरगांव थाने एसपी कार्यालय तक गए थे लेकिन किसानों को वहाँ से भी खाली हाथ लौटना पड़ा. वहीं श्रीमती साहू ने छत्तीसगढ़ के साय सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे अपने आपको किसान हितैशी बताते हैं लेकिन क्षेत्र के 18 गांव के 69 किसान परिवार अपनी जमीन पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं. तहसीलदार कमल किशोर साहू, आकांक्षा साहू, और नायब तहसीलदार जेपी खूंटे, सतपाल यादव, टी आई आशीर्वाद रहटगांवकर द्वारा किसानों को घंटों समझाइश देने के बाद भी धरना पर बैठे सभी किसान अपने बातों को लेकर अडिग है।

कई वर्षों से किसान लगा रहे हैं कोर्ट का चक्कर

किसानों ने न्याय की दरकार- छन्नी साहू

भूमि वापसी के विषय में प्रकरण है और प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही इस मामले में कहा जा सकता है. किसी दबाव में कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता. जो नियम में है, वही होगा और किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

- अनिकेत साहू एसडीएम डोंगरगांव

खैरा-रवेली में विकास कार्यों के शिलान्यास-लोकार्पण से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति : भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण पश्चिम मंडल ने ग्राम खैरा-रवेली में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास, भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। मंडल ने कहा कि सभी के सहयोग और सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम गरिमामय एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मीडिया प्रभारी देवल साहू एवं हिपेन्द्र साहू द्वारा जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, मंडल उपाध्यक्ष पप्पू चंदाकर, ग्राम जंगलेसर की सरपंच लता देवल साहू, ग्राम खैरा-रवेली के सरपंच भूपेन्द्र यादव, ग्राम तोरणकटा की सरपंच सेन बाई उइके सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विज्ञप्ति में कहा गया कि कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खैरा-रवेली में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास, भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति मिलेगी। मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए मंडल महामंत्री मोती देवांगन, बलराम निर्मलकर, कार्यालय प्रभारी गुनीत साहू, मंडल मंत्री हेमदीप साहू, युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ साहू, विभिन्न ग्रामों के बूथ अध्यक्षों तथा सभी कार्यकर्ताओं के समर्पित सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। मंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों, संगठन और ग्रामीणजनों के सामूहिक सहयोग से क्षेत्र में विकास एवं जनसेवा का यह अभियान आगे भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा।

छोटे-मोटे कामों के लिए बघवा को क्यों परेशान करना चीते काफी हैं : महापौर की घोषणा पर गूंजीं तालियां

राजपूत समाज भवन के लिए 8 एसी लगाने की जिम्मेदारी महापौर ने ली, विधानसभा अध्यक्ष के सामने उठी मांग पर मौके पर ही किया ऐलान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के राजनांदगांव प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के पदाधिकारी ने जब उनसे सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा के लिए मुलाकात करने पहुंचे. उस समय रोचक और यादगार माहौल बन गया, जब समाज की महिलाओं ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के समक्ष समाज भवन के लिए आठ वातानुकूलित (एसी) लगाने की मांग रखी। मांग पूरी होने से पहले ही महापौर मधुसूदन यादव ने मुस्कुराते हुए ऐसा जवाब दिया कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। महापौर ने कहा, छोटे-मोटे कामों के लिए बघवा को क्यों परेशान करना, चीते काफी हैं। उनके इस बयान का आशय साफ था कि समाज भवन में एसी लगाने जैसा कार्य स्थानीय स्तर पर ही पूरा कर दिया जाएगा और इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष को परेशान करने की जरूरत नहीं है। महापौर ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की मौजूदगी में ही समाज भवन में आठ एसी लगवाने की घोषणा कर दी। घोषणा होते ही समाज के पदाधिकारियों और उपस्थित लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरे सभागार में तालियां गूंज उठीं और समाज के लोगों ने महापौर का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनका आभार जताया।

लंबे समय से लंबित थी समाज की मांग

राजपूत समाज भवन में लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति को देखते हुए भवन को वातानुकूलित करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी मांग को लेकर समाज के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के समक्ष प्रस्ताव रखा।

बताया जाता है कि डॉ. रमन सिंह इस मांग पर सहमति जताने ही वाले थे कि उससे पहले महापौर मधुसूदन यादव ने स्वयं इसकी जिम्मेदारी लेते हुए आठ एसी लगाने की घोषणा कर दी।

रमन सिंह बोले— बड़ी योजनाएं भी बनाइए

महापौर की घोषणा पर डॉ. रमन सिंह भी मुस्कुराए। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से कहा कि वे समाज के हित में बड़ी और दूरगामी योजनाएं भी तैयार करें, ताकि शासन स्तर पर उनका सहयोग किया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज के विकास और जरूरतों के लिए जनप्रतिनिधि हरसंभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कनकलता सिंह, रेखा सिंह, सुधा पवार,निशा सेंगर,अंजू सिंह,स्वाति चौहान,डिंपल भदौरिया सहित महिला विंग की पदाधिकारी एवं समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया पटवारी को निलंबित, सोशल मीडिया में वायरल हुआ था वीडियो

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति से नगद राशि लेते हुए वीडियो वायरल होने के मामले में डोंगरगढ़ तहसील के पटवारी श्री रामकुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़ ने अपने प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि पटवारी हल्का क्रमांक 29 गाजमर्रा एवं अतिरिक्त प्रभार पटवारी हल्का क्रमांक 28 अण्डी के पटवारी श्री रामकुमार जांगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वे एक व्यक्ति से नगद राशि लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रतिवेदन के अनुसार प्रथम दृष्टया यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, अकर्मण्यता, स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। साथ ही यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तथा निष्पक्ष विभागीय जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत श्री रामकुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर निर्धारित किया गया है।

nandgaon times julai-14-4.qxd 7/13/2026 11:59 PM Page 2

माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा वृक्षारोपण किया गया...

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया

गया, जिसमें 51 पेड़ लगाया गया नीम,कचनार, गुलमोहर, आंवला का वृक्ष लगाया गया।.मुख्य अतिथि के रूप में साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी उपस्थित हुए। डॉ. बी पी त्रिपाठी ,गणित विभाग प्रमुख वीणा राव उपस्थित हुई।ट्रस्ट से डॉ. नीता गुरु गोस्वामी संगठन प्रभारी, श्रीमती कल्पना शुक्ला जिला अध्यक्ष, मनोरमा वाजपेई सुंदर नगर प्रभारी, संध्या तिवारी कुंज बिहारी चौक प्रभारी, लक्ष्मी अवस्थी डगनिया प्रभारी, राधा साहू, सरोज शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य ,रवि तिवारी, गजेंद्र तिवारी, सुनील पंडा ,मनोज शर्मा ,राहुल शर्मा ,डॉ. कैलाश पारिता ,सी. एल . देवांगन, उपस्थित रहे। ट्रस्टी अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सभी को साधुवाद दिए।

खेलो इंडिया मानसून हॉकी लीग का खिताब खेलो इंडिया सेंटर ने अपने नाम किया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला हॉकी संघ के मार्गदर्शन में खेलों इंडिया सेंटर राजनंदगाँव द्वारा विगत एक माह से आयोजित

मानसून हॉकी लीग का फाइनल मुकाबला एवं समापन समारोह आज अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, राजनांदगांव में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया सेंटर, राजनांदगांव ने शूटआउट में जीत दर्ज कर मानसून हॉकी लीग का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, भूषण साव पार्षद छोटेलाल रामटेके रामावतार जोशी,अजय ज्ञा तथा शेख महबूब कुरैशी आदि उपस्थित रहे। प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फिरोज़ अंसारी ने कहा कि मानसून हॉकी लीग खिलाड़ियों, विशेषकर युवा प्रतिभाओं, के खेल कौशल को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच है। ऐसी प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को नियमित प्रतिस्पर्धी माहौल मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो पाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ निरंतर अभ्यास करने का आह्वान किया। फाइनल मुकाबला खेलो इंडिया सेंटर, राजनांदगांव और राजनांदगांव इलेवन के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। शुरुआती तीन क्वार्टर तक राजनांदगांव इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3ङ्क0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि चौथे क्वार्टर में खेलो इंडिया सेंटर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार तीन गोल दागकर स्कोर 3ङ्क3 से बराबर कर दिया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद मैच का फैसला शूटआउट से किया गया, जिसमें खेलो इंडिया सेंटर ने 4ङ्क1 से जीत दर्ज कर फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में किशोर धीवर, राजेश निर्मलकर और संदीप यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई, समापन समारोह में अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही विशेष पुरस्कार में हेमन देवांगन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट,धनंजय यादव को बेस्ट डिफेंडर,काव्यांश यादव को बेस्ट फॉरवर्ड,दक्ष चौबे को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार अतिथियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम संयोजक शकील अहमद (खेलो इंडिया कोच)ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों एवं सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए आभार व्यक्त किया।

डोंगरगढ़ में 'आवासहीन पट्टा अधिकार योजना' ठप

कांग्रेस भड़की, 7 दिनों में सर्वे शुरू न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना आवासहीन व्यक्ति पट्टाधृति अधिकार नियम के क्रियान्वयन में डोंगरगढ़ नगर पालिका की गंभीर लापरवाही सामने आई है। जुलाई का आधा महीना बीत जाने के बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा वार्डवार सर्वे दल का गठन नहीं किया गया है। इस प्रशासनिक उदासीनता पर कड़ा आक्रोश जताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजयराज चौहान ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर सर्वे शुरू नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

समय-सीमा बीतने को, पर डोंगरगढ़ प्रशासन सोया

सौंपे गए पत्र के अनुसार, शासन के आदेश के तहत डोंगरगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में राजस्व और नगरीय निकाय के कर्मचारियों को मिलाकर तत्काल सर्वे दल का गठन किया जाना था। इस पूरी प्रक्रिया को पूरा कर 15 अगस्त 2026 तक शासन को रिपोर्ट सौंपनी है।अफ़सोस की बात यह है कि जहां एक ओर राजनांदगांव जिले के अन्य सभी नगरीय निकायों में यह सर्वे कार्य तेजी से चल रहा है, वहीं डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद और

तहसील कार्यालय ने अब तक टीम का गठन तक नहीं किया है,

सैकड़ों गरीब परिवारों के हक पर मंडराया संकट

कांग्रेस महामंत्री विजयराज चौहान ने कहा कि अधिकारियों की इस लापरवाही के कारण डोंगरगढ़ के सैकड़ों पात्र और गरीब आवासहीन नागरिक सरकार की इस बेहद महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा होना अब नामुमकिन नजर आ रहा है, जिससे जनता में भारी असंतोष है।

कांग्रेस की मुख्य मांगें:

डोंगरगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से वार्डवार सर्वे दल (टीम) का गठन किया जाए।गठित टीमों को बिना देरी किए प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर निर्धारित प्रारूप में सर्वे करने के निर्देश जारी हों।शासन द्वारा तय अंतिम तिथि 15 अगस्त को देखते हुए इस कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए। अगर प्रशासन ने इस आवेदन के मिलने के 7 दिनों के भीतर वार्डवार सर्वे का जमीनी कार्य शुरू नहीं किया, तो इसे जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ माना जाएगा। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय शासन और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर पार्षद ,के विनायक राव पार्षद, राहुल यादव चंद्रशेखर बोरकर,दिनेश साखरे, प्रियंका पूर्ति , शेख इज़रादल खान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित थे एसडीएम साहब के निर्देश पर जल्द ही सर्वे टीम गठित किया जाएगा जो डोंगरगढ़ क्षेत्र के लिये होगा उसमे पात्र - अपात्र सूची बनाकर पट्टा वितरण की कार्यवाही होंगी।

कुमर्दा के श्रमिक विश्राम गृह को रेस्ट हाउस में उन्नयन की मांग बजट में शामिल कर स्वीकृत किए जाने और 20 लाख की सीसी रोड निर्माण की भी मांग विधायक भोलाराम साहू से की गई

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। कुमर्दा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने कुमर्दा स्थित श्रमिक विश्राम गृह को रेस्ट हाउस में उन्नयन किए जाने की लंबे समय से मांग करते आ रहे है । क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विधानसभा में यह मांग उठाने की बात की गई , जिसे विधायक जी ने गंभीरता से लेते हुए बजट में शामिल कर स्वीकृति प्रदान करवाने का आश्वासन दिया ।इस निर्णय से क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा दूर-दराज़ से आने वाले आगंतुकों को बेहतर आवासीय एवं विश्राम की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे क्षेत्र के विकास को भी नई गति मिलेगी।

क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी निर्णय के लिए माननीय विधायक भोलाराम साहू जी तथा सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय कुमर्दा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास कार्यों को इसी प्रकार प्राथमिकता दी जाएगी। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं जनप्रिय विधायक श्री भोलाराम साहू जी से ग्राम पंचायत कुमर्दा के जनप्रतिनिधियों ने सीजन्य मुलाकात कर ग्राम में 20 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण की माँग रखी। विधायक श्री भोलाराम साहू जी ने जनहित की इस महत्वपूर्ण माँग पर सकारात्मक पहल करते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान कराने का आश्वासन दिया। ग्राम के विकास, बेहतर सड़क सुविधा एवं जनकल्याण के प्रति विधायक जी की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता सराहनीय है।जनसेवा ही हमारा संकल्प, विकास ही हमारी प्राथमिकता।इसे ग्राम पंचायत कुमर्दा सरपंच नुनकरण भुआर्य,ग्राम पटेल कॉतिलाल साहू,लक्ष्मीनारायण साहू, नवीन साहू, उप सरपंच विजय कोसमा,पंच कोमल कुंजाम, बंशी लाल कोलियारे,बालाराम चुरेन्द्र,मनोज कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।

न्याय प्रचार बैठक का आयोजन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के छुरिया डोंगरी में न्याय प्रचार के सिलसिले में न्याय बैठका का आयोजन किया गया। बैठक

में जिले के मानपुर ब्लॉक के पानबरस आँधी खडगांव कहगांव अंचल से मोहला ब्लाक के हालामिटोला हिंदड़ कुंवर दल्ली अंचल से चौकी ब्लॉक कौड़ीकसा मजियापार सहित वनांचल क्षेत्र के अनेक गांवों से ग्रामीण युवाओं की उपस्थिति रही। बैठक में न्याय समाज प्रभारी शैलेन्द्र यदु ने न्याय समाज, धर्म संस्थापक संघ एवं न्यायधर्म सभा हरिद्वार का परिचय प्रदान किया गया। समाज में न्याय की आवश्यकता और शिक्षा की उपयोगिता को निरूपित करते हुए अरविंद अंकुर द्वारा एन डी एस प्रतिपादित न्याय प्रस्तावों में से मूलभूत चार जनाधिकार, महालोकतंत्र की अवधारणा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। न्याय समाज एन डी एस कार्यकर्ता जयचंद पटेल ने न्याय समाज को विस्तारित करने में उपस्थित जनों की भूमिका पर परिचर्चा करते हुए न्याय समाज गठन के लिए आवश्यक न्याय शर्तों को अपने जीवन में अंगीकार करते हुए न्याय समाज में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। बैठका में मुख्य रूप से अशवन निर्मलकर, साहिल, गुलशन निर्मलकर,कमल ओझा, शेखर परतेती,ईश्वर चुरेंद्र रमाकांत, डोमन भूआर्य भूषण साहू, तोमू रजक,धनेंद्र साहू गोविंद साहू राजेंद्र नूरेती,रमन गंधर्व,शुभम साहू,तुलेश्वर साहू अर्जुन कोला कैलाश मेगेश्वर कोवाची सहित बड़ी संख्या में वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं की उपस्थिति रही।

43 वर्षों तक शिक्षा की अलख जगाने वाले मिलाप दास साहू व उषा लाल को भावभीनी विदाई

शिक्षक, समाजसेवी और संगठनकर्ता के रूप में बनाई अलग पहचान, बोलेङ्क सेवानिवृत्ति नौकरी से होती है, सेवा से नहीं - मिलाप दास साहू

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा के क्षेत्र में 43 वर्षों तक उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुमरदा के सेवानिवृत्त व्याख्याता मिलाप दास साहू तथा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उषा लाल को बुधवार को विद्यालय परिवार द्वारा गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, विद्यार्थी, पूर्व विद्यार्थी, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दोनों शिक्षकों के दीर्घकालीन योगदान को याद करते हुए शाल, श्रीफल, पुष्पमाला एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य पिंकी देव पन्दो ने की। समारोह में सरपंच नूनकरण भुआर्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिर्वतकर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विरेन्द्र साहू, पूर्व सरपंच दिनेश ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष गनसू कोलियारे, कॉतिलाल साहू, ललित साहू, उपसरपंच विजय कोसमा, ग्राम प्रमुख लक्ष्मीनारायण साहू, हकीम खान, नवीन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए मिलाप दास साहू ने कहा कि शिक्षक का वास्तविक सम्मान उसके विद्यार्थियों की सफलता, उनके संस्कार और समाज में उनके योगदान से होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय उनके लिए केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक परिवार रहा है। विद्यार्थियों से उन्होंने

ईमानदारी, अनुशासन, परिश्रम और गुरुजनों के सम्मान को जीवन का आधार बनाने का आह्वान करते हुए कहा, सेवानिवृत्ति केवल सरकारी सेवा से होती है, समाज और शिक्षा की सेवा कभी समाप्त नहीं होती।

सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उषा लाल ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का स्नेह और सहयोगियों का अपनापन ही उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि संस्कारवान नागरिक तैयार कर समाज निर्माण में योगदान देना भी है।

शिक्षा के साथ समाज सेवा में भी निभाई अग्रणी भूमिका

मिलाप दास साहू ने अपने शिक्षकीय जीवन के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। वे आमगांव ग्रामीण साहू समाज के सचिव एवं अध्यक्ष रहे। बादरटोला परिक्षेत्र साहू समाज के सह-सचिव, तहसील साहू संघ छुरिया के लगातार आठ वर्षों तक अध्यक्ष तथा वर्तमान में तहसील साहू संघ कुमरदा के अध्यक्ष के रूप में समाज को संगठित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त वे जिला साहू संघ राजनांदगांव के न्याय प्रकोष्ठ संयोजक की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

जनभागीदारी से विद्यालय को दिलाई नई पहचान

वर्ष 2002 से 2009 तक जनभागीदारी समिति आमगांव के अध्यक्ष रहते हुए मिलाप दास साहू ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय के संचालन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व एवं जनसहयोग से विद्यालय के शासकीयकरण की प्रक्रिया सफल हुई, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्थायी आधार मिला।

शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में उनके योगदान को आज भी क्षेत्रवासी सम्मानपूर्वक याद करते हैं। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मिलाप दास साहू और उषा लाल ने अपने पूरे सेवाकाल में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके कार्य और व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। समारोह का समापन दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों के स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

शेयर प्रमाण पत्र ने बदली किसान रामरतन जायसवाल की पहचान

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। वर्षों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में गन्ना बेचने वाले ग्राम सूरजपुरा के किसान श्री

रामरतन जायसवाल का अंशधारी सदस्य बनने का सपना आखिरकार साकार हो गया। शेयर प्रमाण पत्र मिलने के बाद उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें ऐसा लगता है जैसे यह कारखाना वास्तव में उनका अपना कारखाना है। उनका कहना है कि अंशधारी सदस्य बनने से उन्हें सम्मान के साथ-साथ कारखाना से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। रामरतन जायसवाल पिछले कई वर्षों से गन्ने की खेती कर रहे हैं और अपनी उपज भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में विक्रय करते रहे हैं। वे लंबे समय से कारखाना के अंशधारी सदस्य बनने की इच्छा रखते थे। जब सरकार की पहल पर गैर-अंशधारी किसानों को भी शेयर प्रमाण पत्र देकर सदस्य बनाया गया, तब उनकी वर्षों पुरानी यह इच्छा पूरी हो गई। वे बताते हैं कि शेयर प्रमाण पत्र मिलने के बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि अब यह कारखाना सचमुच हमारा अपना कारखाना है। अब हम केवल गन्ना बेचने वाले किसान नहीं, बल्कि कारखाना के अंशधारी सदस्य भी हैं। इससे कारखाना के विकास में हमारी भागीदारी और जिम्मेदारी दोनों बढ़ी हैं। जायसवाल ने बताया कि अंशधारी सदस्य बनने से अब उन्हें कारखाना की ओर से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही, उन्हें रियायती दर पर शक्कर भी उपलब्ध होगी, जिससे परिवार को सीधा लाभ मिलेगा।

नाम परिवर्तन

मैं, पूर्णिमा नायक पति दिनेश नायक निवासी ग्राम-पानवा तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड में उसका नाम हिमांशी दिनेश नायक (Himanshi Dinesh Nayak) दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम हिमांशी (HIMANSHI) पिता दिनेश नायक (DINESH NAYAK) दर्ज किया जावे।

पूर्णिमा नायक
पति दिनेश नायक
निवासी ग्राम पानवा
तह.-कुमरदा,
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

शुभांक
3-6-9
124-7 220-4
भाग्यांक
130-4 155-1

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)
07744-299703 eeraj-phe-cg@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निक्षेप मद अंतर्गत प्रपत्र फमें राजनांदगांव जिले के विकासखंड राजनांदगांव के सिविल जज कालोनी में 25 कि.ली. जल क्षमता तथा 12 मी. उंचाई के आर.सी.सी. उच्चस्तरीय जल टंकी का डिजाईन निर्माण, परीक्षण व अन्य सामग्रियों सभी पाईप, स्पेशल्स तथा फिटिंग आदि का प्रदाय सहित स्थापना कार्य हेतु मुहरबंद निविदायें दिनांक 09.07.2026 को आंमत्रित की जाती है। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेडयूल अनुसार)

निविदा की अनुमानित लागत रू. 10.08 लाख है, निविदा प्रपत्र कय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.07.2026 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्ते, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड
राजनांदगांव (छ.ग.)

G-020697/3

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

ईश्तहार

रा. मा. क. बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छबिलाल, आत्मज स्व. आनंद राम, निवासी ग्राम बैगाटोला, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) द्वारा अपनी माता हिरौंदा बाई वर्मा, पति/स्व. आनंद राम, का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने की मांग की गई है।

उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 14/04/2025 को स्थान बैगाटोला में होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई दिनांक 17/07/2026 को अथवा उससे पूर्व लिखित रूप में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार दिनांक 07/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 07/07/2026
सुनवाई दिनांक : 24/07/2026

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)
सील

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

रा. मा. क. बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार, आत्मज फेकनराम, निवासी ग्राम चंदूर्ड, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) द्वारा अपनी बहू समलिता बाई पति स्वर्गीय संतो कुमार, का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 09/11/2011 को ग्राम चंदूर्ड में होना बताया गया है। उक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु विचाराधीन है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वह सुनवाई दिनांक 17/07/2026 को अथवा उससे पूर्व लिखित रूप में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार दिनांक 03/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 03/07/2026
सुनवाई दिनांक : 17/07/2026

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)
सील

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202607095500008

विषय:- क-12. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सत:- 2025-2026
रेशाकेश प.इ.न. 00025 [(रे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - राकेश भुआर्य,
अनावेदक पक्षकार -ख0गो शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश भुआर्य ओ0 लोकनाथ निवासी ग्राम रेंगकठेरा पटवारी हल्का नं0 25 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने माता दयेसाबाई की मृत्यु दिनांक 05/06/2024 को ग्राम रेंगकठेरा में होने के कारण अपने माता की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, पंचनामा, अनुत्तरदायता प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, चालान क्रमांक 6623072600149 7 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 16.07.2026 को स्वंय अथवा अपने प्रतिष्ठित अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकता है। बाद में प्राप्त दावा आपति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 01.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया। आवेदक को सूचनार्थ उक्त ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कारकर ईश्तहार की प्रति प्रस्तुत करे।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव
सील

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202607091100005

विषय:- क-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सत:- 2025-2026
आसरा प.इ.न. 00015 [(रे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - मनपाल,
अनावेदक पक्षकार -ख0गो शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनपाल ओ0 दुकलदास जाति कंवर निवासी ग्राम आसरा पटवारी हल्का नं0 15 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पिता श्यामबत्ती की मृत्यु दिनांक 10/05/1999 को ग्राम आसरा में होने के कारण अपने पिता की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, पंचनामा, अनुत्तरदायता प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, चालान क्रमांक 6623072600109 3 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 15.07.2026 को स्वंय अथवा अपने प्रतिष्ठित अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 01.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया। आवेदक को सूचनार्थ उक्त ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कारकर ईश्तहार की प्रति प्रस्तुत करे।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव
सील

ज्ञान मंथन

1) भारत को किस समय जोन में रखा गया है?
2) हाल ही में किस देश ने भारत के 8 पूर्व नौसेना अधिकारियों की मौत की सजा को बदल दिया है?
3) किस मुगल सम्राट को हिन्दी गीतों की रचना का श्रेय प्राप्त है?
4) भारत के किस पुरातात्विक स्थल में एक प्राचीन क्रिस्टल क्वार्ट्ज वजन इकाई पाई गई है?
5) भारत का पहला स्वदेशी ई-ट्रैक्टर प्राइमा ईटी11 किस संस्था द्वारा विकसित किया गया है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) समय जोन-1 (2) कतर (3) शाहजहाँ (4) कीलाडी (5) सीएसआईआर

पुरेना में टीम चिराय द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

गंडई (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय प्राथमिक शाला पुरेना संकुल केन्द्र घिरघोली विकास खंड छुईखदान जिला केसीजी छत्तीसगढ़ में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की संयुक्त प्रयास से स्कूलों में पढ़ने लिखने वाले बच्चों की स्वास्थ्य को लेकर चला रहे विभिन्न प्रयासों में एक महत्वपूर्ण भूमिका टीम चिराय निभा रहे हैं शासकीय प्राथमिक पुरेना में डॉक्टर साहब की टीम पहुंचे उसके बाद प्रत्येक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिस किसी बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित समस्या थी उन्हें दवाई और मार्गदर्शन दिया और उसके पालकों से मोबाइल से बात करके दिशा निर्देश प्रदान किया विशेष समस्या वाले बच्चों का रिपोर्ट बनाया साथ ही विशेष दिशा निर्देश देते हुए बताया कि अभी बरसात का मौसम है हमें अपने दिनचर्या पर ध्यान देना है हमारे खान पान भोजन कैसा हो,खुले में बिकने वाले चीजों का सेवन न करे,भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ जरूर धोना है,हमें रोज नहाना है,स्वच्छ कपड़े पहनना है,दातुन ब्रश करना है,हाथों को मुंह में नहीं ले जाना है,नाखून छोटे रखना है,उबले हुए पानी को ठंडा करके पीना है,जब हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तभी पढ़ाई लिखाई में हमारा मन लगेगा यहां जो भी बाते बताई जा रही है उसे अपनी माता पिता को भी बताना है आज की कार्यक्रम में डॉक्टर संजय कुर्रे, लैब टेक्नीशियन जागेश्वर सिंग कोटे,प्रधान पाठक तुलेश्वर कुमार सेन,सहायक शिक्षक गोकुल राम वर्मा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

फसल चक्र अपनाकर सोयाबीन की खेती की ओर बढ़े किसान गोकुल वर्मा

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। राज्य शासन द्वारा किसानों को फसल चक्र अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रूपए की आदान सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना से प्रेरित होकर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रीवागहन (घुमका) के किसान श्री गोकुल वर्मा ने इस वर्ष अपने खेत में सोयाबीन की खेती शुरू की है। लगभग 9 एकड़ कृषि भूमि के स्वामी श्री गोकुल वर्मा पहले मुख्य रूप से धान की खेती करते थे। इस वर्ष उन्होंने ढाई एकड़ क्षेत्र में सोयाबीन की बुआई की है। किसान श्री गोकुल वर्मा ने बताया कि उनके खेत के कुछ हिस्सों में अल्प वर्षा एवं अन्य कारणों से धान की फसल को नुकसान पहुंचा था। पिछले वर्ष करीब 4 एकड़ धान की फसल खराब हो गई थी। ऐसे में कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्हें फसल चक्र अपनाने और सोयाबीन की खेती करने की सलाह दी। किसान श्री वर्मा ने बताया कि उन्हें कृषि विभाग के अधिकारियों से योजना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने शासन की फसल चक्र प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने का निर्णय लिया।

चक्रधर कथ्थक कल्याण केन्द्र ने पद्म विभूषण डॉ. तिजन बाई को श्रद्धासुमन अर्पित की

पंडवानी की विधा को जीवित रखना ही डॉ. तिजन बाई को हमारी सच्ची श्रद्धांजली होगी

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। चक्रधर कथ्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव के सभागृह में पद्म विभूषण डॉ. तिजन बाई को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई इस अवसर पर संस्था के संचालक व संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने कहा कि, डॉ. तिजन बाई का निधन लोककला के क्षेत्र में अपूर्णिय क्षति है जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है । इस अवसर पर उन्होंने उनके साथ बिताए अनेकों अवसरों एवं कार्यक्रमों का संस्मरण भी सुनाया । अशोक चौधरी किसान नेता ने भी डॉ. तिजन बाई को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कला केन्द्र के विद्यार्थियों व कला साधकों से कहा कि कला साधना के साथ शिक्षा भी अति आवश्यक है । बहुत से अच्छे कलाकार शिक्षा के अभाव में कई अच्छे अवसरों से वंचित रह जाते है । संगीत विशारद् अमलेन्दु हाजरा ने कहा कि कला साधक हमेशा चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होता है और कला की साधना से ही अपने जीवन को सवांरता है जो समाज में उच्च और आदर्श नैतिक मुल्यों की स्थापना करने में सहायक है उन्होंने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि पंडवानी की विधा को जीवित रखना ही डॉ. तिजन बाई को हमारी सच्ची श्रद्धांजली होगी । इस अवसर पर राकेश इंदु भूषण ठाकुर ने डॉ. तिजन बाई को पंडवानी विधा की बहुत अच्छी कला साधक बताते हुए कहा कि वे अपने भाव भंगीमाओं से महाभारत के विभिन्न पात्रों का जीवंत अभिनय करते हुए दर्शकों का मन मोह लेती थी वे विभिन्न देशों में कला प्रदर्शन की किन्तु उस देश के भाषा से वह अनभिग्य रही । संगीत के लिए भाषा की आवश्यकता नहीं होती है और उन्होंने अपने श्रद्धासुमन अर्पित की । डॉ. मृदुला चौरसीया ने कहा कि डॉ. तिजन बाई के पंडवानी को हम कभी नहीं भुल सकते । डॉ. आनंद वर्गीस ने इस अवसर पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बताया की अच्छा कलाकार अपने साधना से ही अपने आपको स्थापित करता है और उसी से उसकी पहचान समाज में होती है, डॉ. तिजन बाई पंडवानी की पर्याय बन गई । उनके निधन के पश्चात पंडवानी विधा को जीवित रखना हमारे सामने एक बड़ी चुनौति है । इस अवसर पर शैलेन्द्र तिवारी, बी.पी. वासनिक, राजनारायण जांगड़े, व चक्रधर कथ्थक कल्याण केन्द्र के छात्र-छात्राओं ने भी डॉ. तिजन बाई को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किया ।

कबीरधाम पुलिस की बड़ी सफलता : बाबा विश्वेश्वर महादेव मंदिर चोरी कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम पुलिस द्वारा मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जबकि घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश लगातार जारी है। पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं वैज्ञानिक विवेचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्रकरण का महत्वपूर्ण खुलासा किया गया।प्रकरण में प्रार्थी रोहित कुमार चंद्रवंशी, निवासी ग्राम सिल्हाटी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 04 जुलाई 2026 की रात्रि से 05 जुलाई 2026 की सुबह के मध्य ग्राम सिल्हाटी स्थित बाबा विश्वेश्वर महादेव मंदिर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा भगवान महादेव के शिवलिंग में स्थापित चांदी का त्रिकुंड एवं माता गौरी की प्रतिमा का चांदी का मुकुट, कुल लगभग 20 तोला वजनी तथा लगभग ₹35,000 मूल्य की सामग्री चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के कथन, नजरी नक्शा तैयार करने के साथ-साथ मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, मोबाइल लोकेशन तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। तकनीकी जांच एवं सतत पतासाजी के आधार पर पुलिस ने संदेहियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ एवं मेमोरेण्डम कथन में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथी अश्वनी आहिरे के साथ मिलकर मंदिर में चोरी की योजना बनाई थी। योजना के अनुसार तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से ग्राम सिल्हाटी पहुंचे, जहां अश्वनी आहिरे मंदिर के अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया, जबकि मनजीत पुरले एवं सुनील गोस्वामी मंदिर के बाहर निगरानी करते रहे। किसी के आने की आशंका होने पर दोनों आरोपी मौके से भाग गए तथा बाद में अश्वनी से संपर्क कर उसे अपने साथ ले गए। चोरी की गई संपत्ति अपने पास रखने एवं दोनों साथियों को ₹4,000- ₹4,000 देने की बात भी पूछताछ में सामने आई। विवेचना के दौरान आरोपी मनजीत पुरले के कब्जे से एक मोबाइल फोन, नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक CG 28 - 1888 तथा आरोपी सुनील गोस्वामी के कब्जे से मोबाइल फोन एवं नगद राशि विधिवत जप्त की गई।

वनांचल क्षेत्र रेंगाखार में नि:शुल्क सोनोग्राफी शिविर, 82 गर्भवती महिलाओं सहित 104 ग्रामीणों को मिला लाभ

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नि:शुल्क सोनोग्राफी शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

शिविर में 82 गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क सोनोग्राफी की गई। जांच के दौरान संभावित हाई-रिस्क गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण, एनीमिया की रोकथाम, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में 104 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच (ओपीडी) की गई। सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ, चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर का लाभ रेंगाखार एवं चिल्फी क्षेत्र के वनांचल ग्रामों के लोगों को मिला। रेंगाखार सेक्टर के खारा, रेंगाखार, समनापुर, बहमनी, लोहारडीह, बांटाटोला एवं निवासपुर तथा चिल्फी सेक्टर के शीतलपानी सहित आसपास के गांवों की गर्भवती महिलाओं एवं ग्रामीणों ने शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ नियमित स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच चुनौतीपूर्ण रहती है, इसलिए इस प्रकार के शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने कहा कि वनांचल क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि प्रत्येक गर्भवती महिला की समय पर जांच और आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जा सके। बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत ने बताया कि सोनोग्राफी के माध्यम से हाई-रिस्क गर्भावस्था की समय रहते पहचान संभव होती है। इससे गर्भस्थ शिशु के विकास की निगरानी, गर्भावस्था एवं संभावित प्रसव तिथि की पुष्टि, प्लेसेंटा की स्थिति, अम्नियोटिक द्रव की जांच, जन्मजात विकृतियों एवं अन्य जटिलताओं का समय पर पता लगाया जा सकता है।

वेतन विसंगति, क्रमोन्नति सहित जनगणना कार्य के मानदेय एवं कर्तव्य प्रमाण-पत्र की मांग को लेकर डोंगरगढ़ के शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन, विकासखंड इकाई डोंगरगढ़ द्वारा आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी, डोंगरगढ़ के माध्यम से शासन के नाम विभिन्न लंबित मांगों को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल मौर्य के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुभरे ने बताया कि ज्ञापन में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति का निराकरण, क्रमोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, टीईटी संबंधी समस्याओं सहित अन्य लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत सहायक शिक्षकों को वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया गया था, किंतु अब तक इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी कारण प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 15 जुलाई 2026 को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव में विकासखंड डोंगरगढ़ से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होंगे। इसके साथ ही फेडरेशन ने भारत की जनगणना- 2027 के प्रथम चरण में कार्यरत प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की समस्याओं को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं तहसीलदार को पृथक-पृथक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जनगणना कार्य में संलग्न सभी कर्मचारियों को शीघ्र कर्तव्य प्रमाण-पत्र जारी किया जाए, प्रमाण-पत्र में नियमानुसार अर्जित अवकाश की पात्रता का स्पष्ट उल्लेख किया जाए तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। फेडरेशन का कहना है कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाले कर्मचारियों को समय पर कर्तव्य प्रमाण-पत्र एवं मानदेय प्रदान करना शासन की जिम्मेदारी है। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा तथा भविष्य में भी राष्ट्रीय कार्यों के प्रति उनकी सहभागिता और अधिक सुदृढ़ होगी। फेडरेशन ने समस्त शिक्षक साथियों से अपील की है कि वे 15 जुलाई 2026 को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी जायज मांगों के समर्थन में एकजुटता का परिचय दें। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल मौर्य, ब्लॉक सचिव मनीष बडोले, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुभरे, महामंत्री योगेश चौरे, भीष्म ठाकुर, खिलावन निर्मालकर, राजेश राजेकर, लक्ष्मण भगत, अशकरण जोशी, ए.आर. अंबादे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

धर्म समाचार....

क्या वास्तव में समुद्र मंथन सावन में हुआ था? पुराणों में छिपा है इसका जवाब

एस्ट्रोपत्री के ज्योतिषी चंद्रेश शर्मा के अनुसार, सावन का महीना आते ही चारों ओर शिवभक्ति की बहार आ जाती है। कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के इस पावन महीने का भगवान शिव से क्या संबंध है, इसकी कथा समुद्र मंथन से गहराई से जुड़ी है। इस साल पवित्र सावन महीने की शुरुआत 30 जुलाई 2026, गुरुवार से शुरू हो रही है, जो 28 अगस्त 2026, शुक्रवार के दिन समाप्त होगी। पौराणिक मान्यताओं और विशेषकर शिवपुराण व भागवत पुराण के काल-गणना संकेतों के अनुसार, देवताओं और असुरों के बीच हुआ ऐतिहासिक समुद्र मंथन सावन के महीने में ही अपने चरम पर था। कथा के अनुसार, जब क्षीर सागर का मंथन किया जा रहा था, तो उसमें से चौदह रत्न निकले। लेकिन इन रत्नों से पहले एक भयंकर 'हलाहल' नामक विष निकला, जिसकी गर्मी और तीव्रता से तीनों लोक जलने लगे। सृष्टि की रक्षा के लिए सभी देवता भगवान शिव की शरण में गए और अंततः देवाधिदेव महादेव ने उस विष को अपने कंठ में धारण किया। विष के प्रभाव से शिव जी का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे नीलकंठ कहलाए, और उनके शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ गया।

सावन और जलाभिषेक की परंपरा का रहस्य

यह पूरी घटना सावन मास के दौरान घटित हुई थी। विष की तीव्र ज्वाला को शांत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव पर निरंतर जल की वर्षा की। प्रकृति ने भी सावन की रिमझिम फुहारों से महादेव को शीतलता प्रदान की। यही कारण है कि सावन के महीने में शिव जी को जल चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई। सावन में जल, दूध और बेलपत्र अर्पित करने का मूल उद्देश्य महादेव के कंठ की उसी तपन को शांत करना है।

पुराणों का संदेश: विष को पचाकर सकारात्मकता का संचार

पुराणों का स्पष्ट मत है कि सावन और समुद्र मंथन की घटना का सीधा संबंध है, जो हमें यह सिखाता है कि कैसे बुराइयों को पचाकर संसार में अच्छाई यानी अमृत का संचार किया जाता है।

स्कंद पुराण

स्कंद पुराण के अनुसार, श्रावण मास में काशी में निवास करके भगवान शिव की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

शिव पुराण

शिव पुराण के अनुसार, सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस महीने में उन्हें बेलपत्र, जल और दुध अर्पण करना चाहिए।

लिंग पुराण

श्रावण मास में रोजाना शिवलिंग पर जलधारा चढ़ाने से सौ यज्ञों के समान पुण्य फलों की प्राप्ति होती है।

श्रीमद्भागवतम पुराण

श्रीमद्भागवतम पुराण के अनुसार, श्रावण मास को व्रतों का राजा कहा गया है। इस महीने में भगवान शिव की उपासना करने से सामान्य दिनों की तुलना में अधिक पुण्य फल मिलता है।

वायु पुराण

वायु पुराण के अनुसार, श्रावण मास के दौरान नदी में स्नान करने के साथ दान और शिव पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

बच्चों के पुराने कपड़े, खिलौने और पालना घर में रखना सही या गलत? पढ़ें वास्तु नियम

अधिकतर मां बाप अपने बच्चों के छोटे हो चुके कपड़े, जूते, खिलौने, पालना या पढ़ाई से जुड़ा भावनात्मक कारणों से सालों तक संभालकर रखते हैं। इन चीजों से जुड़ी यादें उनके लिए काफी मायने रखती हैं। लेकिन जब इन चीजों का ढेर घर में लगातार बढ़ता ही चला जाता है, तो कई लोगों के मन में यह सवाल आता है कि लंबे समय तक इन चीजों का इस्तेमाल करना सही है या गलत? आइए वास्तु से जानते हैं इसका जवाब। वास्तु शास्त्र का मूल सिद्धांत कहता है कि, घर में सिर्फ इस्तेमाल में आने वाली वस्तुएं, स्वच्छ और सकारात्मक ऊर्जा वाली चीजें ही होनी चाहिए। ऐसी कोई भी चीज जो सालों से इस्तेमाल करने योग्य नहीं है, वे स्थान को घेरती है और घर में अस्थिरता और असंतुलन उत्पन्न करती है। घर में अगर बच्चों के पुराने हो चुके कपड़े, टूटे खिलौने, खराब स्ट्रोलर, पालना या कोई भी सामान टूट या धूल खा चुका है, तो वास्तु के नजरिए से उसे घर में रखना सही नहीं है। वास्तु शास्त्र में अव्यवस्था को मानसिक तनाव और सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह में बाधा के रूप में देखा जाता है। अगर कोई वस्तु बेहतर स्थिति में है और उससे परिवार के किसी भी सदस्य का भावनात्मक जुड़ाव है, तो उसे सीमित संख्या में साफ-सुथरे तरीके से सुरक्षित रखना किसी भी तरह से निषिद्ध नहीं माना गया है। समय-समय पर अपने बच्चों के पुराने सामानों की देख-रेख करें और जो चीजें खराब हो चुकी हैं, उन्हें बाहर कर दें। इसके अलावा जो कपड़े या खिलौने अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन इस्तेमाल नहीं किए जा रहे हैं, तो उन्हें अच्छी तरह निपटारा कर दीजिए। वास्तु शास्त्र के यह बिल्कुल भी नहीं कहता है कि, बच्चों की छोटी हो चुकी सभी चीजों को बाहर कर देना चाहिए। घर में ऐसी किसी भी वस्तु को रखने से बचना चाहिए, जो अनावश्यक स्पेश लेती हो और काम में न आती हो। वहीं, सालों तक बच्चों के खराब हो चुके कपड़े और खिलौने को हटाना व्यावहारिक रूप से भी सही माना जाता है।

nandgaon times julai-14-4.qxd 7/13/2026 11:59 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

रेत का अवैध भंडारण पकड़ा, प्रशासन ने हटाई 14 हाईवा-ट्रैक्टर ट्रॉली सामग्री

करियाटोला में कार्रवाई के बाद खनिज विभाग की निगरानी और तेज

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करियाटोला सहित आसपास के क्षेत्रों में जांच अभियान चलाकर अवैध रूप से भंडारित रेत के खिलाफ कार्रवाई की।जांच के दौरान ग्राम करियाटोला स्थित श्मशान घाट के पास डोंगरगांव निवासी यशवंत साहू की भूमि पर करीब 9 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण मिला। मौके पर भूमि स्वामी द्वारा रेत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद खनिज विभाग ने नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू की। इसी तरह

करियाटोला-कोहका मार्ग पर मटिया के पास शासकीय एवं निजी भूमि पर तीन अलग-अलग स्थानों पर करीब 5 हाईवा रेत का अवैध भंडारण पाया गया। प्रशासनिक टीम ने जेसीबी और हाईवा की मदद से अवैध रूप से रखी गई रेत को हटाकर शिवनाथ नदी में खुज्जी पुल के पास डंप कराया।

52 मामलों में 18.95 लाख का अर्थदंड

खनिज विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में खनिज रेत के अवैध परिवहन, उत्खनन और भंडारण के कुल 52 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। इन मामलों में अब तक 18 लाख 95 हजार 600 रुपए का अर्थदंड वसूला जा चुका है। इनमें अवैध रेत परिवहन के 41 प्रकरणों में 10 लाख 33 हजार 200 रुपए, अवैध उत्खनन के 9 प्रकरणों में 7 लाख 20 हजार 600 रुपए तथा अवैध भंडारण के 2 प्रकरणों में 1 लाख 41 हजार 800 रुपए का जुर्माना शामिल है। खनिज विभाग ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिले में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में संगठन हुआ मजबूत, तीन वर्ष का कार्यकाल रहा संघर्ष, समर्पण और जनहित को समर्पित - विष्णु लोधी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के सफल तीन वर्षीय कार्यकाल पर विष्णु लोधी ने दी बधाई

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) के सचिव विष्णु लोधी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय श्री दीपक बैज के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

विष्णु लोधी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में श्री दीपक बैज ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। उन्होंने गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं को सम्मान देने तथा जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने प्रदेशभर में जनहित के सवालों पर निरंतर संघर्ष किया और जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से बुलंद किया।उन्होंने कहा कि श्री दीपक बैज का सरल, संघर्षशील और जुझारू व्यक्तित्व कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। संगठन को मजबूत करने के लिए उनका सतत प्रवास, कार्यकर्ताओं से संवाद और जनआंदोलनों में सक्रिय भागीदारी कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत रही है। विष्णु लोधी ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी भविष्य में और अधिक सशक्त होगी तथा प्रदेश की जनता के अधिकारों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग की आवाज को पूरी मजबूती के साथ उठाती रहेगी। अंत में उन्होंने ईश्वर से श्री दीपक बैज के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला में बाल कैबिनेट का गठन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड डोंगरगांव के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से बैग लेस डे शनिवार के अवसर पर बाल संसद एवं बाल कैबिनेट का गठन किया गया7 कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा ने विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र मतदान प्रक्रिया, नागरिक अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय सहभागिता का महत्व बताया7 इसके बाद विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुरूप निर्वाचन कराया गया जिसमें कक्षा आठवीं की छात्रा टाकेश्वरी निर्मलकर को प्रधानमंत्री निर्वाचित किया7 इस अवसर पर बाल कैबिनेट के अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया 7विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित समस्त बाल कैबिनेट को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे विद्यालय में अनुशासन स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण नियमित उपस्थिति एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

शासकीय प्राथमिक शाला आसरा में बाल कैबिनेट का गठन, जन्मदिन पर बच्चों को कराया गया न्योता भोज

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय प्राथमिक शाला आसरा में बाल नेतृत्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इस दौरान कक्षा पांचवीं के डेविड कुमार को शाला नायक तथा कक्षा पांचवीं की कु. लालिमा साहू को उप शाला नायिका चुना गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक शंकर साहू एवं शिक्षक चरण दास साहू के जन्मदिन के शुभ अवसर पर विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर-पूड़ी और मीठा परोसकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में रेवती रमण वैष्णव, ललित पड़ौती, भानु साहू, खोमेश्वर साहू, शबनम खान सहित पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी ने नवनिर्वाचित बाल कैबिनेट के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

प्रदेश साहू संघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सहसंयोजक नियुक्त होने पर तरुणा साहू का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू द्वारा श्रीमती तरुणा साहू, इंस्पेक्टर, राजनांदगांव रेलवे पुलिस को प्रदेश साहू संघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का सहसंयोजक नियुक्त किए जाने पर आज जिला साहू संघ के साहू सदन, राजनांदगांव में उनका आत्मीय सम्मान किया गया।इस अवसर पर श्रीमती तरुणा साहू को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित जनों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक सक्रियता से प्रदेश साहू संघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा समाज की सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के निवर्तमान अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणी साहू, माधव साहू सहित जिला एवं प्रदेश साहू संघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने श्रीमती तरुणा साहू के उज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उनके सफल नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया।

आज शिवसेना छत्तीसगढ़ का 43वाँ स्थापना दिवस

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। 1984 को छत्तीसगढ़ में शिवसेना संगठन की स्थापना हुई थी। स्थापना के बाद से संगठन लगातार छत्तीसगढ़ियों के अधिकार, सम्मान, स्वाभिमान एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए संघर्ष करता आ रहा है। इस वर्ष संगठन अपना 43वाँ स्थापना दिवस उत्साह एवं संकल्प के साथ मना रहा है। शिवसेना प्रदेश सचिव कमल सोनी ने बताया कि प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में संगठन ने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की मांग को लेकर भोपाल, दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर आंदोलन एवं प्रदर्शन किए। और राज्य निर्माण के बाद भी छत्तीसगढ़ियों के स्वाभिमान की रक्षा एवं आम जन के अधिकारों के लिए दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मोर्चा निकाला गया, जिसने छत्तीसगढ़ी अस्मिता एवं स्वाभिमान की आवाज़ को मजबूती प्रदान की। उन्होंने बताया कि नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण के विरोध में रायपुर से बस्तर के नगरनार तक विशाल जनआंदोलन आयोजित किया गया। इस आंदोलन के माध्यम से संयंत्र के निजीकरण का विरोध करते हुए स्थानीय युवाओं के रोजगार की सुरक्षा के साथ धर्मांतरण के खिलाफ आंदोलन तथा क्षेत्रीय हितों की रक्षा की मांग प्रमुखता से उठाई गई। प्रदेश सचिव कमल सोनी ने कहा कि संगठन ने समय-समय पर हिंदुत्व, जनहित, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक मुद्दों पर आंदोलन किए हैं। गौ संरक्षण, किसानों को उनकी उपज का उचित समर्थन मूल्य, समय पर खाद-बीज की उपलब्धता, युवाओं के रोजगार, स्थानीय अधिकारों तथा आम जनता की समस्याओं को लेकर शिवसेना लगातार आवाज़ उठाती रही है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल आंदोलन करना नहीं, बल्कि समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाना भी है। शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे तथा आम जनता की समस्याओं का समाधान हो, इसके लिए शिवसेना निरंतर प्रयासरत है। स्थापना दिवस के अवसर पर राजनांदगांव, मोहला मानपुर अं. चौकी एवं खैरागढ़ सहित प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में पहुंच कर कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा संगठन विस्तार, जनसेवा और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दोहराएंगे तथा छत्तीसगढ़ के हितों की रक्षा के लिए पूर्व की भाँति संघर्ष जारी रखने का संकल्प लेंगे।

खाद के बढ़े दामों से किसान परेशान, भाजपा सरकार किसानों पर डाल रही आर्थिक बोझ : राम साहू

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव जिला किसान कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री राम साहू ने ससायनिक उर्वरकों की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि खेती-किसानी की लागत लगातार बढ़ रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के साथ-साथ उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान में किसान महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं।राम साहू ने बताया कि वर्तमान में इफको खाद का मूल्य 2100 रुपये, राखड़ खाद 510 रुपये तथा यूरिया 266.50 रुपये प्रति बोरी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ी हुई कीमतों से छोटे और सीमांत किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के हितों की आवाज उठाती रही है और सरकार से मांग करती है कि खाद की कीमतों में कमी लाकर किसानों को राहत दी जाए।

2023 बैच के आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने संभाली जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने सोमवार को राजनांदगांव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण के दौरान जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिले के विकास कार्यों के सफल संचालन की अपेक्षा जताई। नवपदस्थ सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी वर्ष 2023 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनके कार्यभार संभालने के साथ ही जिला पंचायत की विभिन्न विकास योजनाओं, ग्रामीण अधोसंरचना, पंचायतों के सुदृढ़ीकरण तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यभार ग्रहण के दौरान जिला पंचायत के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

एलएलबी, एलएलएम के बाद पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अतुल सोनी ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। उच्च शिक्षा और विधि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अतुल सोनी ने एलएलबी एवं एलएलएम की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों, शिक्षकों तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है। अतुल सोनी वर्तमान में किशोरी लाल शुक्ला विधि महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने विधि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अध्ययन, शोध एवं शिक्षण कार्य के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। लंबे समय तक किए गए गंभीर अनुसंधान और अकादमिक परिश्रम के परिणामस्वरूप उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और शोध कार्यों के प्रति समर्पण विद्यार्थियों एवं युवा शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। महाविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। महाविद्यालय परिवार ने कहा कि अतुल सोनी की यह सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि संस्थान और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनके शोध कार्य से विधि शिक्षा एवं न्यायिक अध्ययन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होने की उम्मीद है। पीएचडी उपाधि प्राप्त करने के बाद अतुल सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, परिवारजनों तथा सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शोध का क्षेत्र निरंतर सीखने और समाज को नई दिशा देने का माध्यम है।

महापौर मधुसूदन ने जिले के तैराकी खिलाड़ियों को दमदार प्रदर्शन पर बधाई दी

भिलाई क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर स्विमिंग प्रतियोगिता में राजनांदगॉव बना ओवरऑल चैम्पियन

अक्षांश स्विमिंग पूल राजनांदगांव के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय खेलो इंडिया मास्टर स्विमिंग प्रतियोगिता में चयन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अक्षांश स्विमिंग पूल राजनांदगांव के तैराकी खिलाड़ियों ने महापौर मधुसूदन यादव से सौजन्य भेंट कर अपनी उपलब्धि से अवगत कराया । इस प्रतिनिधिमंडल में उपस्थित तैराक राहुल सोनी, संजय जैन, धनराज सिंह ठाकुर, छबिलाल यादव ने महापौर को बताया कि विगत दिनों भिलाई क्लब में राज्य स्तरीय खेलो इंडिया मास्टर स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अक्षांश स्विमिंग पूल राजनांदगॉव से 15 खिलाड़ियों ने भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन के दम पर पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है और प्रतियोगिता में राजनांदगॉव जिला ओवरऑल चैम्पियन रहा, जो राजनांदगॉव जिले के लिये गौरव का विषय है। इन तैराकी खिलाड़ियो में संजय जैन, द्वारका यादव, धनराज सिंह ठाकुर, राहुल सोनी, अशोक वर्मा, छवि यदु,

उमेश काकिरवार, रवि सिन्हा, यशवंत सिन्हा, मधु साहू, अनुकृति श्रीवास्तव, प्रिया मांडवी ने प्रतियोगिता में भाग लेकर राजनांदगॉव जिले का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें संजय जैन ने 100 मीटर फ्री स्टाईल तैराकी में द्वितीय स्थान, द्वारका यादव 100 मीटर फ्री स्टाईल तैराकी में प्रथम स्थान, धनराज सिंह ठाकुर ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान, राहुल सोनी ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान, अशोक वर्मा 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक तैराकी में प्रथम, बटरफ्लाई में प्रथम, बैकस्ट्रोक तैराकी में प्रथम स्थान, छवि यदु ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50मीटर बैक स्ट्रोक तथा 50 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी, तीनों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया, रवि सिन्हा ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में द्वितीय स्थान तथा 50 मीटर बटरफ्लाई में तृतीय स्थान प्राप्त किया, उमेश काकिरवार ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मधु साहू ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान, अनुकृति श्रीवास्तव ने ब्रेस्ट स्ट्रोक में द्वितीय स्थान एवं 100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस प्रकार प्रतियोगिता में राजनांदगॉव जिला अपने खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के दम पर ओवरऑल चॉंपियन बनने में सफल रहा। इन सभी खिलाड़ियों ने अपना जीत का श्रेय अक्षांश स्विमिंग पूल राजनांदगॉव के संचालक खिलेश्वर चंद्राकर तथा स्विमिंग कोच यशवंत कुमार सिन्हा को दिया। महापौर मधुसूदन यादव ने इन खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इनके ऊज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com